
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 199 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**शक्ति संतुलन का सुचिंतित संकेत




# पेज थ्री

देहरादून, सोमवार, 9 नवंबर 2020




मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 13.0°

37244.59

2 बाइडन की जीत से खुश पाकिस्तान!

6 संवेदनशील पटकथा पंसद करती है रसिका

## संक्षिप्त समाचार

### दून जिले में 27 परीक्षा केन्द्रों पर हुई सीडीएस परीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल ने अवगत कराया है कि जनपद के 27 परीक्षा केन्द्रों पर संघ लोक सेवा आयोग की सीडीएस–2020 सम्पन्न हुई जिसमें प्रथम पाली में 11883 परीक्षार्थी में से 6888, द्वितीय पाली में 11883 परीक्षार्थी में से 6871 तथा तीसरी पाली में 5259 परीक्षार्थी में से 3068 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

### सेल्फी प्वाइंट पर बगैर मास्क लगाए सेल्फी ली तो होगा चालान

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल में अब नगर स्थित सेल्फी प्वाइंट पर बगैर मास्क लगाए सेल्फी लेने पर पुलिस का चालान भुगतने के साथ जुर्माना भी देना होगा। विकास प्राधिकरण ने तल्लीताल डांठ में नैनी झील के किनारे सेल्फी प्वाइंट बनाया है। इस स्थान पर 'आई लव नैनीताल' का साइनबोर्ड भी लगाया है। सेल्फी प्वाइंट बनने के बाद से यहां आने वाले सैलानी समेत अन्य लोग सुबह से शाम तक सेल्फी लेने को तत्पर रहते हैं। इस बीच कोरोनाकाल में अधिकतर लोग बिना मास्क सेल्फी लेते नजर आते हैं। रविवार को तल्लीताल पुलिस ने सेल्फी प्वाइंट पर एक बोर्ड लगा दिया। इसमें लिखा गया है कि बगैर मास्क लगाए सेल्फी लेना मना है। नियम नहीं मानने पर चालान के साथ जुर्माना भरना होगा।

### पुलिस ने कोरोना जागरूकता रैली निकाली

**संवाददाता** देहरादून। करोना काल को दोड़ते हुए प्रेमनगर की जनता को जागरूक करने के लिए थानाध्यक्ष प्रेमनगर धर्मेंद्र रौतेला के नेतृत्व में थाना प्रेमनगर से एक रैली प्रेमनगर के मुख्य बाजार से सब्जी मंडी 3 विंग 6 विंग आदि स्थानों से होती हुई थाना प्रेमनगर में पहुंची। इस रैली के माध्यम से थानाध्यक्ष महोदय ने समस्त जनता से त्योहारों के सीजन को देऽते हुए मास्क, सैनिटाइजर, सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सरकारी नियम कानूनों का पालन करने के लिए जनता से अपील की गई।

# छात्रों को सरकार की बड़ी सौगात

## राजकीय महाविद्यालयों एवम विश्वविद्यालयों के लिए हाई स्पीड फ्री वाई–फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी का शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रविवार को शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला में प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश के लोगों को महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों को हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ने वाला देश का प्रथम राज्य बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को पूरी दुनिया से जुड़ने की अभिलाषा होती है। इस दिशा में यह हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। इस सुविधा के माध्यम से प्रदेश के छात्र छात्राएं महान विद्वान लोगों से भी ज्ञान अर्जित कर सकेंगे जो अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर चुके

### प्राचीन से अर्वाचीन को जोड़ने की एक साकार पहलः सीएम

हैं। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और युवाओं को तय करना है कि उन्होंने इन सुविधाओं का किस प्रकार सदुपयोग करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल भारत की ओर यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह प्राचीन से अर्वाचीन को जोड़ने की एक साकार पहल है। प्रदेश सरकार प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को डेडीकेटेड इंटरनेट लीज लाईन के माध्यम से हाई स्पीड वाईफाई इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है। इससे छात्र–छात्राओं को ज्ञानार्जन में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हमारा युवा आत्मनिर्भर बने। हमारा प्रयास है कि वह सिर्फ स्वयं रोजगार प्राप्त करने के लायक हो, बल्कि अन्य लोगों को रोजगार देने लायक भी बने। राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है। इसी क्रम में सचिवालय को ई– ऑफिस से जोड़ा जा रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमें लगातार लड़ना होगा। पारदर्शिता के क्षेत्र में इंटरनेट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री सचिवालय के 37 विभागों को ऑनलाइन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 107 ग्रॉथ सेंटर स्वीकृत किए गए हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को स्किल्ड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिरूल एवं सोलर एनर्जी से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। हमारे पास जो संपदा बिक्री हुई है जो हमें प्रकृति ने दी है उसका दोहन करते हुए पर्यावरण का संरक्षण करते हुए आज राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है।

इस अवसर पर विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धनसिंह रावत, आदि उपस्थित थे।



### 2 लाख से अधिक छात्रों को मिलेगा लाभ: शिक्षातंत्री

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि राज्य के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी देने वाला देश का पहला राज्य बनने के बाद राज्य के 2 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। राज्य के सभी 106 महाविद्यालयों एवं 05 विश्वविद्यालयों को इंटरनेट कनेक्टिविटी का लाभ शीघ्र मिलने जा रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को ज्ञानार्जन में अत्यधिक सहायता मिलेगी।

# उत्तराखण्ड ने राष्ट्रीय फलक पर अपनी खास पहचान बनाई

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 20 वीं वर्षगांठ पर सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों का स्मरण करते हुए कहा कि नए भारत के निर्माण में उत्तराखण्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि राष्ट्रीय फलक पर उत्तराखण्ड ने अपनी खास पहचान बनाई है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में तमाम क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हमारे प्रयासों को सराहा गया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में बहुत से ऐसे काम हुए हैं, जो कि पहले मुमकिन नहीं लग रहे थे। केंद्र सरकार द्वारा लगभग एक लाख करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिए स्वीकृत हुई हैं। लगभग सभी योजनाओं पर तेजी से काम भी चल रहा है। राज्य में अनेक उच्च स्तरीय संस्थाएं स्थापित हुई हैं। देश का पहला ड्रोन एप्लीकेशन सेंटर, सीपेट, कोस्ट गार्ड भर्ती सेंटर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन नेचुरल फाईबर इनमें शामिल हैं । इसके अतिरिक्त स्मार्ट सिटी परियोजना, उत्तराखण्ड वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और जमरानी बहुद्देशीय परियोजना, भारत नेट फेज 2 परियोजना सहित अन्य बहुत सी परियोजनाएं भी डबल इंजन का ही परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में उत्तराखण्ड ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है नीति आयोग द्वारा जारी "भारत नवाचार सूचकांक 2019" में पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड सर्वश्रेष्ठ तीन राज्यों में शामिल है।

### वोकल फार लोकल के लिए सरकार ने की बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड और वोकल फॉर लोकल के लिए हमारी सरकार ने बड़ी पहल की है। युवाओं और महिलाओं की आजीविका पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वरोजगार को एक अभियान के तौर पर लेते हुए हमने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की है। एम. एस.एम.ई के तहत इसमें ऋण और अनुदान की व्यवस्था की गई है। इसमें लगभग 150 प्रकार के काम शामिल किए गए हैं ।

# प्रदेश में 243 नए कोरोना संक्रमित मिले, 2 की मौत

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में दो कोरोना मरीजों की मौत हुई जबकि 243 नए संक्रमित मिले हैं। 155 मरीजों को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। अब कुल संक्रमितों की संख्या 65279 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार को आई जांच रिपोर्ट में 10711 सैंपल निगेटिव पाए गए। वहीं, 243 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। एक सप्ताह के बाद एक दिन में ढाई सौ से कम संक्रमित मामले और चार से कम मरीजों की मौत हुई है। त्योहारी सीजन के समय संक्रमण के नतीजे थोड़ा राहत देने वाले हैं।

दून जिले में 97 कोरोना मरीज मिले। हरिद्वार में 54, पौड़ी में 21, नैनीताल में 14, उत्तरकाशी में 12, ऊधमसिंह नगर में 11, टिहरी में 11, रुद्रप्रयाग में 10, चंपावत में सात, चमोली में तीन, अल्मोड़ा में दो, बागेश्वर जिले में एक संक्रमित मिला है। पर्वतीय जिले चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिले में संक्रमित मामले कम हुए हैं। प्रदेश में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हुई है। इसमें सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एक, जेएलएन जिला अस्पताल रुद्रपुर में एक मरीज ने इलाज के दौरान दम तोड़ा है। मरने वाले मरीजों की संख्या 1065 हो गई है। वहीं, 155 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। इन्हें मिला कर 59719 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

आगामी सप्ताह में त्यौहारों के दृष्टिगत बाजारों, माल्स, सार्वजनिक परिवहन के वाहनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ बढने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित बाजारों में कोविड–19 संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले उपायों एवं मानकों का पालन करवाने के निर्देश दिए।

### कोरोना अपडेट

■दून जिले में 97 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव निकली


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# डोबरा–चांठी पुल बेहद खूबसूरत पुल

**संवाददाता**

टिहरी। डोबरा–चांठी पुल बेहद खूबसूरत पुल है। इस पुल पर छह करोड़ की आधुनिक तकनीकी से युक्त मल्टी कलर लाइटिंग की गई है। जिससे यह रात के समय बेहद ही खूबसूरत नजर आता है। यह पुल दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज को भी टक्कर दे रहा है।

टिहरी जिले में पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए इस पुल को आकर्षक बनाया गया है। रंग बिरंगी लाइटों से रात के समय यह पुल राष्ट्रपति भवन, नार्थ, साउथ ब्लाक से लेकर दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज की तरह रोशनी से जगमगाता है। इस पुल को खास तकनीकों से बनाया गया है। पुल के आसपास हाई पावर स्ट्रीट लाइटें, इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम भी लगाया गया है। यदि कोई वाहन जबरन जाने की कोशिश करेगा तो यह डिवाइस के रेड सिग्नल देकर उसे रोकने के साथ ही कंट्रोलर को भी इसकी सूचना देगी। 14 साल बाद बनकर तैयार हुआ डोबरा–चांठी पुल 42 किलोमीटर लंबी टिहरी झील के ऊपर बना है।

### छह करोड़ की मल्टी कलर लाइटिंग से जगमगाया डोबरा–चांठी पुल